Nai Duniya Edition Delhi
2.12.2016 Page 1
Height 8.98cm Width 16.84 cm

बड़ी योजना : यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने दी जानकारी

आप भूल जाएंगे डेबिट और क्रेडिट कार्ड, जल्द ही आधार कार्ड से होंगे सारे पेमेंट

नई दिल्ली। एजेंसी

देश के हर नागरिक को पहचान देने वाले आधार कार्ड को ही सारे पेमेंट का आधार बनाने की तैयारी हो रही है। ऐसा होने पर डेबिट व क्रेडिट कार्ड और पिन व पासवर्ड की भी जरूरत नहीं होगी।

यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के सीईओ अजय भूषण पांडे ने बताया कि आधार से जुड़े ट्रांजैक्शन बगैर

कार्ड व पिन के होंगे। इससे स्मार्टफोन रखने वाले अपने आधार नंबर और फिंगरप्रिंट से डिजिटल ट्रांजैक्शन कर सकेंगे। सरकार ने इसे मूर्त रूप देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में काम करना शुरू कर दिया है।

बायोमैट्रिक पहचान क्षमता 40 करोड़ करना होगी

आधार को ही पेमेंट का आधार बनाने के लिए यूआईएडीआई को अपनी बायोमैट्रिक पहचान (फिंगर प्रिंट) प्रणाली की क्षमता मौजूदा 10 करोड़ रोजाना से बढ़ाकर 40 करोड़ रोजाना करना होगी। ऐसा होने पर देश के सवा सौ करोड़ नागरिकों में से 40 करोड़ लोग रोज इसी से लेन-देन कर सकेंगे। बुधवार को 1.31 करोड़ लोगों ने आधार से जुड़ी बायोमैट्रिक पहचान का उपयोग किया था।

मोबाइल फोन एप बनेगा : इसे अमली जामा पहनाने के लिए बैंकों, व्यवसायियों व आईटी कंपनियों व दूरसंचार एजेंसियों की मदद से एक साझा मोबाइल फोन एप विकसित किया जाएगा।

108 करोड़ को मिले आधार नंबर- देश में अब तक 108 करोड़ लोगों को 12 नंबर के आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। देश के 99 फीसदी वयस्कों को यह दिया जा चुका है।